**न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी :: श्री भागीरथ बिश्नोई, आर.ए.एस.**

**गुण्डा एक्ट प्र.सं. : 35/2018**
**RCMS Case No. 2018/00058**

| सायल :– | बनाम | गैरसायलः– |
|---|---|---|
| सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक पाली | | मोहम्मद सादीक पुत्र युसुफ खां जाति चढ़वा निवासी नवलखा रोड़, पाली पुलिस थाना कोतवाली, पाली |

**इस्तगासा अन्तर्गत धारा 2(ख)/3/7 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975**

**उपस्थित :**
सायल की ओर से सहायक लोक अभियोजक प्रथम श्रेणी पाली
गैरसायल अनुपस्थित

**:: निर्णय ::**

**दिनांक :–** 31/01/2019

सायल जिला पुलिस अधीक्षक पाली की ओर से दिनांक 14.03.2018 को गैरसायल मोहम्मद सादीक पुत्र युसुफ खां जाति चढ़वा निवासी नवलखा रोड़, पाली, पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र, पाली के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत परिवाद/सूचना प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि गैरसायल थाना कोतवाली, पाली का आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ वर्ष 2009 से इस्तगासा पेश करने की अवधि में 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए है। समस्त प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया जाकर सजा से दण्डित किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र.स. | मु0न0 | धारा | नाम न्यायालय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 99/20.03.2009 | 13 आर.पी.जी.ओ. | CJ M Court Pali | 100/– रूपये जुर्माना |
| 2 | 395/22.09.2009 | 13 आर.पी.जी.ओ. | CJ M Court Pali | 100/– रूपये जुर्माना |
| 3 | 290/15.07.2010 | 13 आर.पी.जी.ओ. | CJ M Court Pali | 100/– रूपये जुर्माना |
| 4 | 145/26.03.2015 | 13 आर.पी.जी.ओ. | ACJM Court Pali | 50/– रूपये जुर्माना |
| 5 | 26/19.01.2016 | 13 आर.पी.जी.ओ. | ACJM Court Pali | 50/– रूपये जुर्माना |

उपरोक्त दर्ज चालान सुदा प्रकरणों एवं रोजनामचा आम मे दर्ज रपटों से यह बखूबी साबित है कि गैरसायल मोहम्मद सादीक पुत्र युसुफ खां जाति चढ़वा निवासी नवलखा रोड़, पाली, पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र, पाली, जुएं के धंधे में लिप्त है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध प्रवृति में लिप्त है। जो आदतन अपराधी होने से आम जनता में भय व्याप्त है एवं लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। निरन्तर अपराध करने से जनता में दुष्प्रभाव पडता है व पुलिस की छवि पर भी लोगो का अविश्वास प्रकट होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। अतः इस्तगासा बरखिलाफ गैरसायल के अन्तर्गत धारा 2 (ख)(iii)/3 राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उक्त अपराधी को गुण्डा घोषित कर जिले से निष्कासन हेतु कानूनी कार्यवाही करावे।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

सायल की ओर से पेश प्रकरण इस न्यायालय में पंजीबद्ध किया गया। उक्त परिवाद/सूचना पर यह न्यायालय प्रथम दृष्टया संतुष्ट होकर कि गैरसायल के विरूद्ध धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत कार्यवाही करने के पर्याप्त आधार पत्रावली पर मौजूद है। जिस पर गैरसायल के विरूद्ध लगाये गये आरोपो की सामान्य प्रकृति की सूचना हेतु धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 का नोटिस मय जिला पुलिस अधीक्षक पाली की सूचना/परिवाद की तामिल करवाई गई।

ए0पी0पी0 की बहस सुनी गई। सरकारी पैरोकार ने अपनी बहस में कथन किया कि गैरसायल पुलिस थाना कोतवाली, पाली का अव्वल दर्जे का बदमाश है, जिससे विरूद्ध विभिन्न प्रकरण न्यायालय में दर्ज है तथा गैरसायल को विभिन्न प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया गया है। गैरसायल का आम जनता में इतना भय है कि लोग इसके विरूद्ध सूचना देने में भी कतराते है, जिससे आम जनता में पुलिस की छवि पर दुष्प्रभाव पडता है। गैरसायल आदतन अपराधी है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध में लिप्त है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार करावें एवं गैरसायल को गुण्डा घोषित कराते हुए जिले से निष्कासन के आदेश पारित करावें।

बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन, अनुशीलन एवं विश्लेषण किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात् के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि गैरसायल के विरूद्ध माननीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, (सा0दं0), पाली द्वारा प्रकरण संख्या 230/2015 में पारित निर्णय दिनांक 06.07.2015 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गेम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत दोषसिद्ध घोषित करते हुए 50/- रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया। इसी प्रकार प्रकरण संख्या 26/2016 में पारित निर्णय दिनांक 12.02.2016 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गेम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत दोषसिद्ध घोषित करते हुए 50 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया। उपरोक्त प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(v) के तहत गुण्डा की श्रेणी में आता है।

पत्रावली पर उपलब्ध रेकर्ड एवं दस्तावेजात् के आधार पर गैरसायल मोहम्मद सादीक पुत्र युसुफ खां जाति चढ़वा निवासी नवलखा रोड़, पाली, पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र, पाली को गुण्डा घोषित किया जाता है तथा राजस्थान गुण्डा अधिनियम 1975 की धारा 3(3)(क) के तहत एक माह की अवधि के लिए पुलिस थाना कोतवाली पाली से निष्काषित कर पुलिस थाना नाणा जिला पाली के नियन्त्रण में रखे जाने के आदेश दिये जाते है। गैरसायल आज की तारीख से 15 दिवस पश्चात अर्थात दिनांक 31/01/2019 से 30 दिन के लिये पुलिस थाना नाणा जिला पाली में सप्ताह में एक बार अर्थात 30 दिन में चार बार अपनी उपस्थिति देगा तथा थानाधिकारी नाणा जिला पाली गैरसायल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं रिपोर्ट इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। गैरसायल इस अवधि में नेकचलन रहेगा तथा सदाचार एवं शांति बनाये रखेगा। गैरसायल अपने पास किसी प्रकार का मादक पदार्थ हथियार/शस्त्र नही रखेगा तथा किसी आपराधिक गतिविधि में कर्ता/दुष्प्रेरक के रूप में भाग नही लेगा एवं न ही किसी आपराधिक कार्य में सहायता करेगा। गैरसायल मोहम्मद सादीक इस आदेश की पालना हेतु स्वयं का मुचलका 10 हजार रूपये एवं इसी कदर मौतबिर जमानत अधिनियम की धारा 7 के तहत पेश कर तस्दीक करायेगा। थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली पाली, गैरसायल मोहम्मद सादीक को पुलिस

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

अभिरक्षा में उक्त नियत तिथि को पुलिस थाना नाणा जिला पाली की सीमा में पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। थानाधिकारी नाणा उनके यहां गैर सायल की उपस्थिति की सूचना इस न्यायालय को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे एवं थानाधिकारी कोतवाली पाली अपने थाना क्षेत्र में गैरसायल के वापस लौटने की सूचना इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपी तहरीर के साथ थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली, पाली एवं थानाधिकारी नाणा पाली को भिजवाई जावे।

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली**
पाली

निर्णय आज दिनांक 31/01/2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली**
पाली